प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

पेपर लीक विवाद के बीच मेडिकल काउंसलिंग कमीशन ने नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी है। इसके लिए आज से काउंसलिंग शुरू होने वाली थी। नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग की नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

****

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी को दोबारा झारखंड का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को बिहार का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है।

****

चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने नयी दिल्ली में केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से चतरा जिले में नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, एनआईएफटी की स्थापना की मांग की है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को जिले में तकनीकी शिक्षा के अभाव से अवगत कराते हुए कहा कि एनआईएफटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के चतरा में खुलने से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लातेहार जिले में दस–दस लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों ने पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इधर, गुमला जिले में पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबों को विफल कर दिया है। पुलिस ने गुमला– कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए करीब 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ता और जगुआर पुलिस की टीम ने कल देर रात इनको निष्क्रिय कर दिया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई राजनेताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मजबूत राष्ट्रवादी विचारों के भारत को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उधर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि डॉ.मुखर्जी देश की एकता और संप्रभुता के लिए याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना के साथ देश को वैचारिक विकल्प प्रदान किया। वे लंबे समय तक राष्ट्र के पथ पर मार्गदर्शक बने रहेंगे।

****

गिरिडीह जिले में नारी सशक्तीकरण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

****

देवघर जिले में 28 अगस्त से कुष्ठ रोगी खोज अभियान शुरु किया जायेगा। इसके लिए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी की अध्यक्षता में एएनएम के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिले के सिविल सर्जन डा. रंजन सिन्हा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर–घर जाकर कुष्ठ रोगियों का पता लगायेगी और उनके उपचार की व्यवस्था की जायेगी।

****

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का राज्यस्तरीय सम्मेलन कल हजारीबाग में आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

****

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जामताड़ा जिले में शिक्षक–शिक्षिकाओं को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षित शिक्षक–शिक्षिकाएं अपने विद्यालय के छात्र–छात्राओं में नेत्र दोष की पहचान करेंगे। ऐसे बच्चों के समुचित इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी।

*******समाप्त***********